## महत्वपूर्ण एवं खास

### 12 वीं बोर्ड की विशिष्ट हिन्दी परीक्षा संपन्न : 9755 परीक्षार्थी में 147 अनुपस्थित रहे

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 1 मार्च को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 755 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 9 हजार 608 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 147 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### स्वायल हेल्थ कार्ड योजना से लाभान्वित होंगे जिले के कृषक

**रायगढ़।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है स्वायल हेल्थ कार्ड योजना। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के सभी कृषकों को 3 वर्षों में एक बार स्वायल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराकर संतुलित एवं समन्वित उर्वरक उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना, मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व दक्षता को विकसित करना एवं पौधों के पोषण तत्वों के उपयोग के लिए स्वायल हेल्थ कार्ड में दी गई उर्वरक अनुशंसा के साथ मिट्टी की उर्वरता के बारे में कृषकों को समझाईश देना है। उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना अंतर्गत सभी वर्ग के कृषकों को लाभ प्रदाय किया जाएगा तथा छोटे एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत सिंचित क्षेत्र में 2.5 हेक्टेयर एवं असिंचित क्षेत्र में 10 हेक्टेयर क्षेत्र से ग्रिड आधारित मृदा नमूना विश्लेषण कर किसानों को नि:शुल्क स्वायल हेल्थ कार्ड दिया जाना है। मिट्टी नमूना परीक्षण कराने हेतु क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### स्थायी लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति हेतु आवेदन 20 तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं अम्बिकापुर में स्थापित स्थायी लोक अदालत जनोपयोगी सेवा में अन्य व्यक्तियों (सदस्यों) की नियुक्ति के लिए 20 मार्च 2024 शाम 05 बजे तक आवेदन मंगाए गए हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट www.cgslsa.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### विधिक सेवा प्राधिकरण में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 10 मार्च को

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनों में सहायक ग्रेड 03, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च 2024 को आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र वेबसाईट www.cgslsa.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर पेन्शनर कल्याण निधि नियम के तहत पेन्शनर्स के इलाज हेतु 6 लाख 80 हजार रूपए स्वीकृत

**रायगढ़।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर संचालक कोष लेखा एव पेंशन महादेव कावरे ने पेन्शनर को इलाज हेतु वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु दवाओं के लिये 6 लाख 80 हजार 496 रूपए की स्वीकृति दी है। नियम के तहत सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर खर्च का दस हजार रुपये और निर्धारित गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हार्ट, न्यूरो, किडनी प्रत्यारोपण, जटिल नेत्र शल्य क्रिया हेतु राज्य के बाहर के मान्यता प्राप्त अस्पताल और राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय और मान्यता प्राप्त तीन अस्पताल में इलाज हेतु तीस हजार रुपये की स्वीकृति दी जाती है। पेन्शनर कल्याण निधि नियम 1997 के तहत वर्ष 2022-23 हेतु 49 पेन्शनर को 4 लाख 62 हजार रुपये और वर्ष 2023-24 हेतु 25 पेन्शनर को 2 लाख 18 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर इनके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों की भी लगातार समीक्षा की जा रही है।

### पुलिस आरक्षक भर्ती में 6 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ व्दारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वेबसाईट https://cgpolice.gov.in (सीजीपुलिस डॉट जीओवी डॉट इन) पर ऑनलाईन आवेदन पत्र 1 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो चुका है, जिसका ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 06.03.2024 (बुधवार) के रात्रि 11:59 बजे तक किया गया है।जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग की भर्ती में पुरुष अभ्यर्थी हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिये 05 वर्ष की और छूट प्रदान किया है।" युवाओं को उम्र में 5 साल का छूट छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग व्दारा दिया गया है।

# हितग्राही मूलक योजनाओं में एकीकृत कृषि करने वाले कृषकों को दे प्राथमिकता -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- उद्यानिकी विभाग व्यवसायिक प्लांटेशन पर करें फोकस
- पशु पालन विभाग अपात्र किए गए आवेदनों का पुन: सत्यापन कर करें लाभान्वित
- कलेक्टर गोयल ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन विभाग की ली संयुक्त बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन एवं पशुपालन विभाग की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके विभागों में हितग्राही मूलक योजना का संचालन किया जा रहा है। अत: सभी विभाग संयुक्त रुप से एकीकृत कृषि करने वाले हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं में प्राथमिकता दें। जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों से हितग्राही चयन में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिससे सभी विभाग संबंधित हितग्राही को विभागीय योजनाओ का लाभ प्रदान कर सके। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि मछली पालन करने वाले हितग्राही को बैकयार्ड कुटकुट पालन योजना में प्राथमिकता प्रदान करें। जिससे नेचुरल फॉर्मिंग इंटीग्रेटेड हो सके। इसी तरह उन्होंने कृषि विभाग को ऐसे हितग्राही को विभागीय योजनाओं में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग की कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग से फसल क्षेत्राच्छादन की जानकारी लेते हुए दलहन के क्षेत्र विस्तार के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की शेष ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैंड सीडिंग में लैलूंगा एवं खरसिया में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त किसानों को विभागीय योजना से लाभान्वित करने तथा फसल विविधता के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने मछली पालन एवं पशुपालन विभाग के कार्यों की प्रगति समीक्षा। उन्होंने मछली पालन के लिए आदिवासी क्षेत्रों में मत्स्य संचयन के निर्देश दिए। उन्होंने बिरहोर ग्राम के तालाबों के समिति बनाने के निर्देश दिए। जिससे उनके खानपान में शामिल होने के साथ ही उनके आय के साधन निर्मित हो सके। इस दौरान कलेक्टर गोयल द्वारा जिले में कुल मत्स्य संचयन की जानकारी लेने पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले में एक हेचरी, चार संवर्धन प्रक्षेत्र, 28 पोखर है।

इस दौरान उन्होंने पशु पालन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने विभाग से पशु पालकों के केसीसी के संबंध में जानकारी लेते हुए आवेदनों के अपात्र होने के कारणों की जानकारी लेने तथा आवेदनों का पुन: परीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैंक में पेंडिंग आवेदनों के फालोअप करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी ने बैकयार्ड कुटकुट पालन, शत-प्रतिशत अनुदान सांड, बकरा वितरण योजना, सुकरत्रयी इकाई वितरण उन्नत मादा वात्स्य पालन योजना राज्य डेयरी योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, सहायक संचालक मछली पालन एम.के. पाटले, सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान, उप संचालक पशुपालन डॉ.जे.एल.कुशवाहा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**व्यवसायिक प्लांटेशन पर करें फोकस-** कलेक्टर गोयल ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि व्यवसायिक प्लांटेशन पर फोकस करें। उन्होंने पॉम ऑयल योजना की जानकारी लेते हुए योजना के क्रियान्वयन हेतु बड़े कृषक अथवा बिरहोर ग्राम में जगह एवं हितग्राही चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक पौध तैयार एवं रोपण की कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को समन्वय कर चिन्हांकित हितग्राही को ड्रीप इरिगेशन का लाभ देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हेरिटेज ट्री के चिन्हांकन के निर्देश भी दिए।

## महतारी वंदन योजना

# आधार सीडिंग के लिए 3 मार्च रविवार अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे जिले के सभी बैंक




रायगढ़। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने के उद्देश्य कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रविवार 3 मार्च अवकाश के दिन भी जिले के सभी बैंक खुले रहेंगे। उक्त दिवस में जिले के सभी बैंक शाखाओं में केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय कराये जाने का कार्य संपादित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला महिला, त्यागशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि उनके आधा लिंक खातें में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है। जिले में बैंक के माध्यम से बैंक खातों को आधार से लिंक करने हेतु 39 हजार का लक्ष्य है जिसमें से जिले के अधिकांश महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है। उक्त कार्य को समय-सीमा में 5 मार्च तक पूर्ण किया जाना है। जिसके तहत अवकाश दिवस में महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने के निर्देश है। जिले के सभी ब्रांच को 3 मार्च रविवार को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- भ्रमण से महिलाओं को मिलता है प्रशिक्षण, बढ़ता है आत्मविश्वास



**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण कार्यक्रम अन्तर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के बस को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर ओडिशा के पुरी जिला के लिए रवाना किया।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना अन्तर्गत महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शैक्षणिक भ्रमण में पुरी भेजा जा रहा है। भ्रमण में जाने से महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अन्य स्थान जाने से उन्हें प्रशिक्षण मिलता है और दूसरे समूह की महिलाओं से उनका मेलजोल भी होता है। एक तरह से बहुउद्देशीय विकास ही योजना का उद्देश्य है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि यह अच्छी योजना है, उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से आगामी वर्ष में अधिक टारगेट की मांग करने को कहा। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को भ्रमण पर भेजा जा सकें।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विकासखण्ड के स्व-सहायता समूह की 100 महिलाओं को उड़ीसा राज्य भ्रमण के लिए भेजा गया है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं को पुरी जिले के कोणार्क ग्राम स्थित गायत्री जुट कलस्टर उत्पादक समूह का अध्ययन अवलोकन तथा पुरी, भुवनेश्वर का भ्रमण व अवलोकन कराया जाएगा। इस दौरान डीपीओ एल.आर.कच्छप, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दांडेकर एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लूटपाट की नियत से पेट्रोल पंप के आफिस में घुसकर पंप के संचालक पर जानलेवा हमला करने वाला हमलावर गिरफ्तार : घरघोड़ा थाना क्षेत्र के गोमती फ्यूल में देर रात घटी थी घटना

- पेट्रोल पंप संचालक पर हमला कर आरोपी आनन-फानन में खाली बैग को रूपयों से भरा समझ उठा ले गया



**रायगढ़।** 28-29 फरवरी रात थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत गोमती फ्यूल (पेट्रोल पंप) के ऑफिस में घुसकर रूपयों की लूटपाट करने की नीयत से एक युवक द्वारा पेट्रोल पंप के मालिक पर धारदार हथियार से हमला कर ऑफिस में रखें खाली बैग को रूपयों से भरा समझ कर लेकर फरार हो गया था। घरघोड़ा पुलिस सीसीटीवी की फुटेज और सक्रिय सूचनातंत्र पर आरोपी युवक की पहचान कर घटना के 24 घंटे के भीतर हिरासत में लिया गया जिसे आज रिमांड पर भेजा गया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए तड़ाके एसपी दिव्यांग पटेल स्वयं मौके पर पहुंचे जिन्होंने घटना की संपूर्ण जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज देखे और जांच में लगी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटना को लेकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी राज कुमार यादव ने बताया कि दिनांक 28.02.2024 के रात्रि लगभग 8.00 बजे पेट्रोल पंप का संचालक खीरूराम राय 02 टेंकर डीजल लेकर आया। टेंकर को पेट्रोल पंप में खडी करा कर खीरूराम राय आफिस के कम्प्युटर में काम कर रहे थे। पेट्रोल पंप बंद करने के बाद आफिस में सोने के लिये राज कुमार और उमेश राम यादव आफिस में जमीन में बिस्तर बिछाकर लेटे हुए थे कि रात करीबन 12.30 बजे एक युवक आफिस के अंदर घुसा जिसे देखकर पंप संचालक खीरूराम तुम कहां अंदर जा रहे हो कहने पर युवक बिस्तर में रखा काला रंग का बैग को उठाकर भागने लगा और पकड़े जाने के डर से खीरूराम पर पास रखे धारदार वस्तु (चाकू) से हमला किया, खीरूराम राय के पेट में चोटआई है। वहां मौजूद राजकुमार और उमेश यादव कुछ समझ पाते इतनी में अज्ञात युवक वहां से बैग लेकर भाग निकला था। घायल खीरूराम का शासकीय अस्पताल घरघोडा में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रायगढ रिफर कर भर्ती कराया गया है। मामले में थाना घरघोड़ा में अज्ञात आरोपी पर हत्या का प्रयास और लूटपाट की धाराओं में सुसंगत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई।

विवेचना दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पेट्रोल पंप एवं आसपास के CCTV कैमरा को चेककर फुटेच खंगालते हुये लोगों को फुटेज दिखाकर अज्ञात आरोपी के पतासाजी किया गया जिस पर संदेही के घरघोडा का अस्मित नाग उर्फ बोबी का होना पता चला, तत्काल संदेही की पतसाजी कर हिरासत में लिया गया जिसने लूटपाट के उद्देश्य से घटना को अंजाम देना बताया। आरोपी अस्मित नाग उर्फ बोबी पिता प्रकाश नाग उम्र 19 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 03 घरघोडा से घटना में प्रयुक्त एक चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अज्ञात आरोपी की तत्काल पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा और उनके टीम में उप निरीक्षक करमू साय पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक अवध बिहारी विश्वकर्मा, आरक्षक प्रहलाद भगत, उधो पटेल, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक विकास प्रधान और रविन्द्र गुप्ता की भूमिका रही है।

# किसान सम्मान निधि योजना: 10 हजार किसानों के खाते में सीधे डाकघर के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक अकाउंट में पहुंची 16वीं किस्त




**रायगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत डाकघर द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक खाता खोला गया था जिसके अंतर्गत लगभग 10 हजार किसानों के खाते में 3 करोड़ 81 लाख रुपये क्रेडिट कर दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से इस योजना के लिए डाकघर के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक खाते को मान्य किया गया है। जिससे किसानों का आधार नेशनल पेमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से लिंक हो। अधीक्षक डाकघर रायगढ़ ने जिलेवासियों से निवेदन किया है कि किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए अपने नजदीकी डाकघर में अपना खाता खुलवा सकते हैं जिसमें न्यूनतम राशि दो सौ रूपया एवं आधार व मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। रायगढ़ संभाग के अंतर्गत 488 पोस्ट ऑफिस में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

# गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से करें स्वास्थ्य जांच, संस्थागत प्रसव के लिए करें प्रेरित -कलेक्टर

- कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग की ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने की बात कही। उन्होंने सभी बीएमओ को फील्ड में जाकर गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने एवं उन्हें संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि हमारा मुख्य फोकस जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना है। बेहतर कार्ययोजना एवं शासकीय योजनाओं के अच्छे क्रियान्वयन से सफलता मिल सकती है और जिले में बेहतर प्रगति दर्ज की जा सकती है। इसमें स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एनीमिक महिलाओं को चिन्हांकित कर पोषण आहार उपलब्ध कराने के साथ, गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, आवश्यक दवाइयों, टीकाकरण आदि सुनिश्चित करें। हमें मुख्य रूप से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा, इसमें मितानिन की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करें एवं लगातार मॉनिटरिंग करें। इसके बाद शिशु के जन्म के समय रखी जाने वाली सांवधानियां, देखभाल, नियमित टीकाकरण, पोषण आहार आदि से शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आ सकती है। उन्होंने टीकाकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। इसके लिए सजग रहे एवं कार्ययोजना तैयार कर लें। जब तक योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर नहीं होगा, स्थिति में सुधार होना नामुमकिन है, इसलिए अपना कार्य निष्ठा से करें। इस दौरान उन्होंने अब तक जिले में बनाये गये आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी, जिला नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा सहित समस्त विकासखण्ड के खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

**लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच हमारी प्राथमिकता-** बैठक में कलेक्टर गोयल ने कहा कि लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण मानकों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने एनआरसी के लिए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को महिला एवं बाल विकास के साथ कॉर्डिनेट करने के लिए कहा। जिससे कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके।

**पल्स पोलियों अभियान की रखे व्यापक तैयारी-** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में रायगढ़ जिले के शून्य से 05 साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। अभियान में पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480